## खबर संक्षेप

### सेना भर्ती रैली का परिणाम घोषित : भर्ती निदेशक

**पानीपत।** सेना भर्ती कार्यालय रोहतक के भर्ती निदेशक ने बताया कि कार्यालय द्वारा गत दिसंबर 2025 में आयोजित सेना भर्ती रैली के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी), अग्निवीर टेक्निकल तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणी के अभ्यर्थियों का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रोहतक के निदेशक ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। उन्होंने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वे दस्तावेज सत्यापन एवं भर्ती संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए शीघ्र स्थानीय सेना भर्ती कार्यालय, रोहतक में रिपोर्ट करें।

### रैपिड मेट्रो लाइन के लिए समालखा में काम शुरू

**पानीपत।** दिल्ली से करनाल तक लगभग 136 किमी लंबी रैपिड मेट्रो लाइन की काम की शुरुआत के लिए स्थानीय स्तर पर ट्रेंचिंग का कार्य शुरू कर दिया गया। रविदास स्कूल के तीसरे स्थान पर ट्रेंचिंग का औपचारिक शुभारम्भ कंपनी के अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ। उप मुख्य अभियंता सिविल शाहबाज आलम, एसई चैतन्य और जेई रविशंकर ने विधायक मनमोहन भड़ाना के प्रतिनिधि राकेश अहलावत के साथ औजारों की पूजा कर कार्य आरंभ कराया।

### इनेलो का महंगाई के विरुद्व प्रदर्शन एक को

**पानीपत।** इनेलो पार्टी द्वारा बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदेश भर में सरकार के खिलाफ व महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी ने बताया कि भाजपा की केन्द्र व प्रदेश की सरकार बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने में पूरी तरफ से विफल रही है। इसलिए उसके खिलाफ इनेलो ने एक ही दिन 1 जून को सभी जिला मुख्यालयों पर जिला स्तरीय प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत उपायुक्तों की माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा जाएगा।

### सरकार के गलत निर्णय से बढ़े तेल के दाम

**पानीपत।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव का.दरियाव सिंह कश्यप ने एक ब्यान में केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की महंगाई और बेरोजगारी बढाने वाली जनविरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने केंद्र सरकार की विदेश व आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि रुस और ईरान भारत को बेहद सस्ता तेल और गैस देने को तैयार थे, लेकिन मोदी सरकार ने इन देशों से खरीदारी करने के बजाए अमरीकी निर्देशों के कारण अन्य देशों से महंगा तेल खरीदा जिससे देश में महंगाई बेलगाम हो गई।

### ट्यूबवेल की केबल व स्टार्टर चोरी करने वाला काबू

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने थाना सेक्टर 13-17 क्षेत्र के अंतर्गत गढ़ सरनाई व बबैल गांव के खेतों से ट्यूबवेल की केबल व स्टार्टर चोरी करने वाले गिरोह के दूसरे आरोपी को सोमवार शाम को नई सब्जी मंडी से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गढ़ सरनाई गांव निवासी अर्जुन पुत्र शीतलनाथ के रूप में हुई है।

## प्रतियोगिता में देश के 10 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया

# ऑल इंडिया कराटे चैम्पियनशिप में हरियाणा बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

शितोकाई कराटे रेनीमी इंडिया द्वारा आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन जम्मू विश्वविद्यालय जम्मू में हुआ। जिसमें देश के 10 राज्यों के खिलाडिय़ों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की टीम ने कुल 70 पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। जिसमें 30 स्वर्ण पदक, 22 रजत पदक एवं 28 कांस्य पदक शामिल रहे। वहीं जम्मू एवं कश्मीर ने दूसरा जबकि तीसरे स्थान पर चंडीगढ़ एवं पंजाब रहे। एसकेआरआई इंडिया के महासचिव अंकित जागलान ने सभी राज्यों, कोचों, खिलाडिय़ों एवं आयोजन समिति का आभार जताया। साथ ही उन्होंने कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव योगेश कालरा का भी विशेष आभार व्यक्त किया। एसकेआरआई इंडिया के संयुक्त सचिव संजीव कुमार ने सभी कोचों, खिलाडियों एवं राज्यों से आए प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया।



पानीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि व आयोजक ।

प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए कोचों एवं अधिकारियों में मुख्य रूप से अभिमन्यु सिंह, सुनील शर्मा, अनिल, अंग्रेज सिंह, सुरजीत, विकास धर, अतुल, मानसा राम, वीरेंद्र पाहवा, अश्वनी, सूरज गौतम, रोहित जिंटा, प्रमोद कुमार, विकास, हैब सिंह व रविन आदि मौजूद रहे।

# तिहाड़ जेल से लाया गया हथियार सप्लायर, दो दिन के रिमांड पर

- पुलिस टीम पर जानलेवा हमले के आरोपियों को हथियार देने के आरोपी को तिहाड़ जेल से प्रोक्डशन वारंट पर लाई पानीपत पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस टीम पर फायरिंग करने के आरोपियों को हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी को पानीपत पुलिस ने सोमवार को दिल्ली की तिहाड़ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया। आरोपी सोनू उर्फ सचिन निवासी सिसला कैथल हाल जाटल रोड सुभाष कॉलोनी आम्र्स एक्ट के अन्य मामले में तिहाड़ जेल में बंद था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि दिसंबर 2024 में थाना चांदनी बाग क्षेत्र स्थित एक मिठाई दुकान संचालक से वॉटसअप काल कर रंगदारी मांगी गई थी। मामले की जांच सीआईए वन पुलिस टीम को सौंपी गई थी। डाहर गांव निवासी कुशाल उर्फ कौशल के वारदात में शामिल होने और 16 दिसंबर 2024 को उसके दोस्त के साथ बिशन स्वरूप कॉलोनी में चोपड़ा अस्पताल के सामने पार्क में बैठा होने की सूचना पर सीआईए वन पुलिस ने वहां कुशाल उर्फ कौशल व उसके साथी डाहर गांव के ही प्रिंस को पकड़ लिया और पूछताछ के लिए साथ लेकर जाने लगी तो पार्क के गेट के पास आरोपी कुशाल उर्फ कौशल ने भागने का प्रयास करते हुए अपनी पेंट की जेब से पिस्तौल निकालकर ईएसआई राजकुमार पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी थी। गोली राजकुमार के पेर में लगी थी। पुलिस टीम ने आरोपी से पिस्तौल छिनी। वहीं आरोपी प्रिंस के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ।

### 4 देसी पिस्तौल और 9 कारतूस बेचना स्वीकारा

इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी कुशाल ने रंगदारी मांगने की वारदात को अंजाम देना स्वीकारा था। देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद डाहर निवासी सुनील उर्फ शीलू से लेने बारे स्वीकारा था। पुलिस टीम पर पिस्तौल से गोली चला जानलेवा हमला करने मामले में थाना शहर में बीएनएस की धारा 221, 221;2, 109 व आम्र्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज पुलिस ने आरोपी कुशाल उर्फ कौशल व प्रिसं को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था। इसके बाद आरोपी सुनील उर्फ शीलू को उक्त मामले में गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में आरोपी ने कैथल के गांव सिसला हाल जाटल रोड सुभाष कॉलोनी निवासी सोनू उर्फ सचिन से देसी पिस्तौल व रौंद खरीदकर कौशल को बेचना स्वीकारा था। आरोपी सुनील उर्फ शीलू को न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद पुलिस ने असला सप्लायर आरोपी सोनू उर्फ सचिन की धरपकड़ शुरू कर दी थी। पुलिस टीम को गत दिनों सूचना मिली की आरोपी सोनू उर्फ सचिन दिल्ली में आम्र्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार होकर तिहाड़ जेल में बंद है। सीआईए वन पुलिस टीम सोमवार को आरोपी सोनू उर्फ सचिन को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने सुनील उर्फ शीलू को 4 देसी पिस्तौल व 9 कारतूस बेचना स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी सोनू उर्फ सचिन को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के साथ असला तस्करी में संलिप्त आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

## हरियाणवीं साहित्यकार स्व. तूफान पानीपती की दो पुस्तकों का लोकार्पण



पानीपत। स्व. तूफान पानीपती की पुस्तकों का लोकार्पण करते हुए कविगण ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में अंकन साहित्यिक मंच के तत्वावधान में मई मास की काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता डॉ.राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी ने की। मुख्यातिथी सुभाष भाटिया तथा विशिष्ट अतिथि दमन कुमार यादव व रमेश पुहाल रहे। मंच संचालन मंच संयोजिका डॉ. सोनिया सोनम अक्स ने किया। जबकि धन्यवाद मंच संरक्षक डॉ. एपी जैन ने किया। इस अवसर पर पानीपत के सुप्रसिद्ध हरियाणवीं साहित्यकार स्व. श्री कृष्ण दत्त तूफान पानीपती की दो पुस्तकों मर्यादा तथा सागर का जल का लोकार्पण भी हुआ। इन पुस्तकों का प्रकाशन उनके कवि पुत्र देवेंद्र दत्त तूफ ा न द्वारा कराया गया। इनमें शुभकामना संदेश मंच संरक्षक डॉ.एपी जैन ने लिखे। डॉ.जैन ने बताया कि श्री तूफ ा न हरियाणवीं भाषा के सुप्रसिद्ध रचनाकार थे। जिन्होंने व्यंग्य लेख, कहानी, कविताएं, लघु कथाएं, गजलें आदि सभी विधाओं में बहुत सुंदर लिखा।

### ये रहे मौजूद

वहीं काव्य प्रस्तुती देने वालों में डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी, सुभाष भाटिया, दमन कुमार याद्व, रमेश पुहाल, डॉ.सोनिया सोनम अक्स, डॉ.एपी जैन, इंदिरा खुराना, धर्मेंद्र अरोड़ा मुसाफिर ,आराधना सिंह अनु, सूरज स्वरांश, हरीश सतीजा, प्रदीप चौहान दीप, गुलशन सपड़ा, देवेंद्र दत्त तूफान, मीना दहूजा, सुरेंद्र धीमान बापौली,डॉ.कंचन प्रभाती, सुलेख जैन, अनिरुद्ध सिंह, डॉ.चांद कौर मान, जवाहरलाल शर्मा, नरेश गंभीर, अनिल कुमार रोहिल्ला,चंद्रशेखर आजाद शामिल रहे।

## निष्पक्ष व सुगम मतदान के लिए बड़ा कदम, चारों विधानसभा क्षेत्रों में बूथों का होगा समायोजन : डीसी

**पानीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ.विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि जिले में लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला पानीपत के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसे मतदान केन्द्रों की समीक्षा की गई है, जहां 1200 से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार इन मतदान केन्द्रों का समायोजन कर नए मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे ताकि मतदाताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और मतदान प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। डॉ. विरेंदर दहिया ने बताया कि 24-पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में 270 मतदान केन्द्र स्थापित हैं, जिनमें से 110 मतदान केन्द्रों पर 1200 से अधिक मतदाता हैं। इन केन्द्रों के समायोजन के बाद 59 नए मतदान केन्द्र स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं, जिससे कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 329 हो जाएगी। इसी प्रकार 25-पानीपत शहर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान 211 मतदान केन्द्रों में से 97 मतदान केन्द्र ऐसे हैं जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है। यहां 56 नए मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे तथा कुल मतदान केन्द्रों की संख्या बढक़र 267 हो जाएगी।

# जिला कोर्ट परिसर में 2 जून को लगेगा मेगा लीगल अवेयरनेस-कम-सर्विस कैंपः वर्षा शर्मा

## तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित, कैंप की तैयारियों पर बनेगी रणनीति

- मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव डीएलएसए वर्षा शर्मा ने विभिन्न विभागों, संस्थानों और गैर-सरकारी संगठनों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा 2 जून को जिला न्यायालय परिसर के ग्राउंड फ्लोर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मेगाअवेयरनेस-कम-सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव डीएलएसए वर्षा शर्मा ने आज विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थानों एवं गैर सरकारी संगठनों की बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश निर्देश दिए। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी -सह- सचिव डीएलएसए ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों एवं रोजगार संबंधी अवसरों की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है। कैंप में विभिन्न विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे और जनता को मौके पर ही योजनाओं व सेवाओं की जानकारी देंगे। डीएलएसए ने सभी विभागों से अपील की है कि वे अपने विभाग से संबंधित पुस्तिकाएं, पोस्टर, बैनर, पंपलेट और अन्य प्रचार सामग्री साथ लेकर आएं। साथ ही अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की तैनाती भी सुनिश्चित करें ताकि आम लोगों को योजनाओं, आवेदन प्रक्रिया और लाभ संबंधी जानकारी तुरंत उपलब्ध कराई जा सके। इस मेगा कैंप में बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, रोजगार विभाग, कृषि एवं बागवानी विभाग, साइबर सेल, रेडक्रॉस सोसायटी सहित अनेक विभाग एवं सामाजिक संगठन भाग लेंगे। इस मौके पर डीईओ राकेश बूरा, सीएमओ विजय मलिक, डीडीपीओ राजेश शर्मा, जिला मत्स्य अधिकारी योगेश शर्मा, रेडक्रॉस प्रोजेक्ट अधिकारी सुदेश, पशु पालन विभाग से डॉक्टर अशोक, सरिता सैनी पेंशन विभाग, एलआईसी जिला कॉर्डिनेटर हितेश चंद, डॉक्टर हितेश चंद, कृषि विभाग से सहायक अभियंता सुधीर, क्रीड विभाग से डॉ.सोमपाल, एफएसओ सुमित कुमार के अलावा विभिन्न विभागों से अधिकारी मौजूद रहे।



पानीपत। मेगा लीगल अवेयरनेस कैंप को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीएलएसए वर्षा शर्मा।

## सफाई के लिए विधायक भड़ाना के आदेश पर 20 अतिरिक्त कर्मी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा नगर परिषद ने शहर में सफाई अभियान तेज कर दिया है। नगर परिषद के तहत कुल 76 सफाई कर्मचारियों जिन पर सफाई की जिमेदारी है। वहीं आबादी व क्षेत्रफल ज्यादा होने से अतिरिक्त 20 कर्मचारियों को चार महीने के लिए नियुक्त किया गया है ताकि कस्बे की सडक़ों और मुख्य मार्गों की सफाई प्रभावी ढंग से की जा सके। विधायक मनमोहन भड़ाना ने शहर को स्वच्छ रखने पर विशेष जोर दिया है और उनके निर्देश पर यह चार महीने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जीटी रोड, रेलवे रोड, ब्लूजे रोड और माता पुलिया रोड जैसे मुख्य मार्गों पर जोरदार सफाई कार्य किए जा रहे हैं। नगर परिषद के सेन्टरी इंस्पेक्टर सफाई निरीक्षक विकास नरवाल ने बताया कि शहर के चारों तरफ फैली गंदगी और कचरा को अभियान के माध्यम से पूरी तरह से साफ किया जा रहा है।



समालखा। सफाई करते कर्मचारी ।

# बेटी बचाओ का बुलंद संदेश, अहर गांव में जागरूकता रैली से गूंजा जन जन




इसराना। गांव अहर में जागरूकता रैली निकालते विभाग के कर्मचारी ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहर के तत्वावधान में सीएचसी अहर के एसएमओ डा.प्यारे लाल के मार्गदर्शन आज बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं लिंगानुपात सुधार को लेकर गांव में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पूरे गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें ग्रामीणों तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। रैली के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या बंद करो, और बेटी है अनमोल जैसे नारों से गांव गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं ग्रामीणों ने सामूहिक शपथ ली कि वे कभी भी प्रसव पूर्व लिंग जांच नहीं करवाएंगे तथा कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने में अपना पूर्ण सहयोग देंगे। कार्यक्रम में डा.विकास, डॉ. शीतल, हेल्थ इंस्पेक्टर खुशी राम एवं राम कुमार, लैब तकनीशियन रीना आदि मौजूद रहे।

## पुरुषोत्तम मास कथा में बड़े मंगलवार को गूंजे हनुमान जी के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाउन के प्रांगण में चल रही पुरुषोत्तम मास मलमास कथा के दसवें दिन श्रद्धा और भक्ति का एक अनूठा संगम देखने को मिला। आज कथा के दसवें दिन के साथ.साथ ज्येष्ठ माह का चौथा बड़ा मंगलवार होने के कारण मंदिर परिसर में सुबह से ही श्री हनुमान जी और भगवान पुरुषोत्तम के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ पड़ा।

व्यास पीठ से कथा वाचक पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने भगवान श्री हरि विष्णु की दिव्य लीलाओं और संकटमोचन हनुमान जी की महिमा का रसपान कराया। कथा के दसवें दिन के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने कहा कि जो मास कभी उपेक्षित था, वह भगवान की शरण में जाते ही सभी महीनों में सर्वश्रेष्ठ पुरुषोत्तम मास बन गया।



पानीपत। बड़े मंगलवार को सनातन धर्म मंदिर में हनुमान जी की पूजा करते श्रद्धालु।



पानीपत। आईबी कालेज में हेल्प डेस्क पर जानकारी लेते विद्यार्थी।

## छात्राएं आईबी कालेज में स्वयं को सुरक्षित महसूस करती हैं

**पानीपत।** आईबी महाविद्यालय एक ऐसा प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान बन चुका है जहां छात्राएं स्वयं को पूर्णतः सुरक्षित, सम्मानित एवं पारिवारिक वातावरण में महसूस करती हैं। महाविद्यालय प्रशासन छात्राओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक छात्रा को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं पारिवारिक वातावरण उपलब्ध करवाना भी है।

# नन्हेड़ा के खेत में जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बापौली

थाना सनौली पुलिस ने बापौली रोड पर खेत में तीन सगे भाईयों के साथ लाठी डडें से मारपीट और जानलेवा हमला करने के एक आरोपी को सोमवार शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नन्हेडा निवासी जोनी के रूप में हुई है। थाना सनौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने फरार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक डंडा बरामद कर मंगलवार को पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

### यह है मामला



थाना सनौली में नन्हेडा निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनके जलालपुर प्रथम बापौली रोड पर खेत है। गत 21 अप्रैल 2026 को वह भाई संसार और पहल सिंह खेत में गए थे। देर शाम करीब 8 बजे भाई पहल सिंह खेत में पानी चलाने के लिए गया तो देखा खेत के पड़ोसी अनिल, जोनी पुत्र जयपाल व 10-12 व्यक्ति बाइकों पर सवार होकर आए। आरोपियों ने चोट मारी तथा जाते हुए धमकी देकर गए कि यमुना पार वाले खेतों पर कानूनी कार्रवाई बंद कर दो नहीं तो जान से मार देंगे। इससे पहले भी अनिल कई बार उसको जान से मारने की धमकी दे चुका है। थाना सनौली में अशोक की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुसिल ने मामले की जांच व आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

## आर्य बाल भारती में आर्यवीर व वीरांगना शिविर

# क्षमा भावना में अद्भुत शक्ति होती है : सुखबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में आर्यवीर दल एवं आर्य वीरांगना दल शिविर के तहत आज राष्ट्रीय क्षमा दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक सुखबीर आर्य रहे जबकि उप प्रधान ओम आर्य और संस्कृत विदुषी माया देवी विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने की। आचार्य राजकुमार शर्मा ने मंच संचालन किया। वहीं बच्चों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। प्रबंधक सुखवीर आर्य ने कहा कि मनुष्य जन्म बहुत मुश्किल से मिलता है। अज्ञानता के कारण कोई व्यक्ति गलती कर देता है तो उसे परिस्थितियों के अनुसार क्षमा कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षमा भावना में अद्भुत शक्ति होती है। सुखबीर सिंह ने कहा कि 26 जनवरी 1929 को आर्य वीर दल की स्थापना हुई और हुई और आजादी आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।



पानीपत। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ आयोजक ।

### छात्रों को दिया वीरता प्रशिक्षण

*विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने बताया कि इस छह दिवसीय शिविर में छात्रों को सर्वांग सुंदर व्यायाम, सूर्य नमस्कार,भूमि नमस्कार, डंबल,लेजियम, योगा पिरामिड,लाठी, कमांडो ट्रेनिंग, आग का गोला और प्राणायाम के माध्यम से वीर जवान मनाने का कार्य किया जा रहा है। इस छह दिवसीय आर्यवीर दल के शिविर का समापन समारोह का आयोजन 29 मई को किया जाएगा। वहीं उपप्राचार्य जगदीश और समन्वयक अधिकारी आशा अरोड़ा ने शिविर में सहयोग देने वालों का धन्यवाद किया।*

